कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम
25 सरदार पटेल मार्ग, राजापुर,
प्रयागराज-211001
ईमेल आईडी-rmald@upsrtc.com

पत्रांक 111 /स्था0/1-74/क्षे0प्र0/आउटसोर्सिंग/परि0/2022 दिनांक 05.01.2023

सेवा में,

मेसर्स SS Enterprises
L-8,M/s S S ENTERPRISES,MALIKMAU COLONY
RAEBARELI, UTTAR PRADESH-229001
Email - abhishekitr39@gmail.com

विषय :- सेवा योजन पोर्टल के माध्यम से आउटशोर्सिंग मैनपावर(परिचालक) प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि आप द्वारा दिनांक 26.12.2022 को 265 आउटसोर्स मैनपॉवर (परिचालक) के पदों पर सेवा लिए जाने हेतु मैनपॉवर की आपूर्ति कराये जाने हेतु परिवहन निगम के कार्यालय पत्रांक 5062सीईएनटी/22-38 निगम/सं0आ0/नीति0/21 दिनांक 07.10.2022 द्वारा जारी ड्राफ्ट अनुबन्ध के अनुसार अनुबन्ध प्रकिया पूर्ण कर ली गयी है।

शासनादेश संख्या-8/2019/20/1/19-का-2/2019,दिनांक 18.12.2019 के प्रस्तर -3(2) के अनुसार एवं निगम मुख्यालय स्तर से निर्गत परिपत्र संख्या 3505सीईएनटी/22-38 निगम/सं0आ0/नीति0/21, दिनांक 25.07.2022, शासनादेश संख्या-4/1/ 2008-का-2- 2008, दिनांक 23.01.2008 एवं शासनादेश संख्या-6/2020/4/1/ 2002-का-2/19 टी0सी0 दिनांक 08.09.2022 तथा जेम पोर्टल पर जारी बिड सं0 GEM/2022/B/2522165 द्वारा जारी ATC एवं शासनादेश के अनुसार 265 आउटसोर्स मैनपॉवर (परिचालक) के पदों पर सेवा लिए जाने हेतु निम्न आरक्षण के अनुरूप आउटसोर्स मैनपॉवर(परिचालक) के पदों की रिक्तियॉं सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से जारी करना सुनिश्चित करें :-

अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	पिछड़ा वर्ग	सामान्य	आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	आवेदन समाप्त होने की तिति
56	05	72	119+(13 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)=132	07.01.2023 समय 10.00 बजे से	14.01.2023 समय 17.00 बजे तक

उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर आउटसोर्सिंग परिचालकों हेतु निम्न विवरण के अनुसार सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाय :-

1. अभ्यर्थी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण हो।
2. अभ्यर्थी की आयु 28.05.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व भूतपूर्व सैनिकों की आयु सीमा में उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार छूट दी जायेगी।
3. अभ्यर्थियों की अधिमानी योग्यता केन्द्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से सीसीसी प्रमाण पत्र की अर्हता हो।
4. चयनित आउटसोर्सिंग परिचालको को यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके द्वारा पूर्व में किसी प्रकार का कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो तथा पूर्व में किसी कदाचार/भ्रष्टाचार में निगम की सेवा से न हटाये गये हो। यदि उक्त शपथ पत्र निर्धारित अवधि में प्रस्तुत नही करता है तो उसका चयन निरस्त कर दिया जायेगा।
5. अभ्यर्थियों का चयन, सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूची (इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर) से किया जायेगा।
6. चयन के पश्चात् अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्ड सहित संलग्न किये गये प्रमाण-पत्रों (हाई स्कूल, इण्टमीडियट, सीसीसी एवं जाति प्रमाण पत्र) की स्वप्रमाणित व मूलप्रति चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. चयनित अभ्यर्थियों को प्रयागराज क्षेत्र के डिपोज में तैनात किया जायेगा।
8. चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह का अवैतनिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।
9. चयनित आउसोर्सिंग परिचालकों को कि0मी0 के आधार पर भुगतान किया जायेगा तथा प्रोत्साहन आदि का विवरण निम्नवत् रहेगा:-

(अ) प्रति कि0मी0 रू0 1.59

(ब) माह में 22 डियूटी दिवस 5000 कि0मी0 एवं 50% लोडफैक्टर अर्जित करने पर रू0 3000 प्रोत्साहन

रात्रि विश्राम

ए श्रेणी नगरों में रू0 68/- प्रति रात्रि
बी श्रेणी नगरों में रू0 61/- प्रति रात्रि

नोट:- निगम द्वारा समय-समय पर पारिश्रमिक में कमी/वृद्धि की जा सकती है।

(एम0के0त्रिवेदी)
क्षेत्रीय प्रबन्धक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर प्रबन्ध निदेशक महोदया, परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ।
2. मुख्य प्रधान प्रबन्धक(प्रशासन/नो0अधि0), परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ।
3. प्रधान प्रबन्धक(कार्मिक) परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
4. प्रधान प्रबन्धक(एम0आई0एस0), परिहवन निगम मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि परिवहन निगम की वेबसाईट पर उक्त आउटसोर्सिंग परिचालक के आबद्धीकरण के सम्बन्ध में विज्ञापन प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. सेवा प्रबन्धक, प्रयागराज क्षेत्र।
6. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक(कार्मिक/वित्त/डिपोज), प्रयागराज क्षेत्र।
7. नोटिस बोर्ड समस्त कार्यालय, प्रयागराज क्षेत्र।

क्षेत्रीय प्रबन्धक